# खरीदी केन्द्रों में मनमानी : घर से ही तैयार हो रही बोरियां

## घर-घर पहूच रहे केन्द्रों से खाली बारदाने, केन्द्र में खडी की जा रही धान की तैयार बोरियां

**धारनाकला नवभारत। धान खरीदी केन्द्रो मे धान खरीदी और कमीशन बढाने के चक्कर मे खरीदी केन्द्रो से ही खाली बारदाने प्रदाय किये जा रहे है घर से बोरियो का नाप होकर बोरिया खरीदी केन्द्रो मे पहूच रही है एवं खरीदी प्रांगण मे जाकर यही तैयार बोरिया खडी हो रही है ऐसी स्थिति मे न ही धान खरीदी प्रांगण मे गिर रही है और न ही केन्द्रो मे लगे हम्माल और मजदूर धान का तौल कर रहे है आज भी कुछ केन्द्र मे प्रशासन की नाक के नीचे धान का यह गोरख काला बाजार चल रहा है और यह काला बाजार सिर्फ धान खरीदी पोर्टल पर धान खरीदी तथा कमीशन बढाने के चक्कर मे किया जा रहा है ।**



### महिला समूह सबसे आगे

उल्लेखनीय है की महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने की दिशा मे सहकारी समितियो के साथ महिला स्व सहायता समूहो को भी धान उपार्जन कार्य से जोडा गया है और लगातार तीन से चार वर्षो से महिला स्व सहायता समूह धान उपार्जन कार्य का हिस्सा बन रहे है किन्तु धान खरीदी को और कमीशन को बढाने के चक्कर मे कुछ महिला स्व सहायता समूह के दलाल तथा ठेकेदार ही धान खरीदी मे काला बाजारी को अंजाम दे रहे है और यह इस सत्र की ही बात नही है पिछले सत्र मे भी घर घर बोरिया बांटने का गोरख धंधा खुलकर चला था और आज भी यही गोरखधंधा रात के अन्धेरे मे नही अपितु दिन के उजाले मे किया जा रहा है।

### स्लॉट बुकिंग का खेल

यहा यह भी उल्लेखनीय है की किसान की सुविधा को ध्यान मे रख शासन द्वारा स्लॉट बुकिंग सुविधा मुहैया की गई है ताकि किसान अपनी उपज का विक्रय सुविधा जनक तरीके से किसी भी धान उपार्जन केन्द्र मे कर सके किन्तु कुचिया व्यापारी तथा दलाल इसका खुलकर दुरूपयोग करते नजर आ रहे है यही कारण है अधिकतर किसानो के नाम के पंजीयन की धान समीपी धान खरीदी केन्द्र मे न बिककर दूर क: खरीदी केन्द्र अथवा अनेको धान खरीदी केन्द्र पारकर खरीदी केन्द्रो मे पहूच रही है जिसके पीछे मुख्य कारण खरीदी से मिलने वाली सुविधा और मजदूरो के हक पर डाका जो खरीदी केन्द्रो मे चल रहा है जिसके चलते अनेको समीपी धान खरीदी केन्द्र, भी प्रभावित हो रहे है चूकि किसानो के नाम पर धान बिक्री की स्लॉट ज्यादा उन्ही केन्द्र, मे होती है जहा घर घर खरीदी केन्द्र, से खाली बारदाने प्रदाय की सुविधा मुहैया होती है

**हम्माल मजदूरों के हक पर डाका**

यहा यह भी उल्लेखनीय है की धान खरीदी केन्द्रो मे लगभग आधा सैकडा मजदूर हम्माल तथा महिलाओ को काम मिलता है जिसमे धान की भराई तथा तुलाई की जाती है किन्तु जब घर से धान की खाली बोरियो मे धान काटा होकर खरीदी प्रांगण मे पहूच रही है तो ऐसी स्थिति मे धान खरीदी प्रभारी मजदूरो का हक तो मार ही रहे है साथ ही धान खरीदी के नाम पर मिलने वाली प्रशासनिक व्यय राशि को भी डकार रहे है ।

### ठोस कार्रवाई की दरकार

यहा यह बताना भी लाजिमी है की खरीदी केन्द्रो से बारदानो की घर पहूच सेवा तथा केन्द्र मे धान की तुलाई तथा भराई न होने का ही परिणाम था की जिन खरीदी केन्द्र मे चालीस से पचास हजार क्विंटल धान की खरीदी कभी नही हुई वे धान खरीदी केन्द्र 80 हजार से 01 लाख किवटल धान खरीदी के आकडे को पार कर गये और यही स्थिति वर्तमान मे भी कुछ धान खरीदी केन्द्र मे खरीदी का औसत बढाने तथा कमीशन राशि बढाने के उद्देश्य से नियमो को ताक पर रखकर किया जा रहा है

**इनका कहना है**

इस तरह का कार्य धान खरीदी केन्द्र मे हो रहा है तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जायेगी
**अंजुली शाह ,सीईओ जिला पंचायत**

ऐसा अगर हो रहा है तो जांच करवाई जायेगी एवं सत्यता पाये जाने पर एफ आई आर की कार्यवाई की जायेगी
**मनोज पुरबिया**
**जिला खाद्य अधिकारी, सिवनी**



# छपारा में पंचकल्याणक महोत्सव के लिए हुआ भूमि पूजन

**नगर में 14 से 20 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा गजरथ महोत्सव**
**शुक्रवार को जिन प्रतिमाओं के नगर आगमन पर किया गया भव्य स्वागत**

**छपारा नवभारत।** नगर में आगामी 14 जनवरी से 20 जनवरी तक गजरथ महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होने वाला है वहीं गजरथ महोत्सव को लेकर स्थानीय जैन समाज द्वारा तैयारी शुरू हो गई है। जहां पूज्य मुनि संघ के परम सानिध्य में छपारा नगर में चल रही गजरथ महोत्सव की तैयारियां में जैन समाज के सभी प्रमुखों ने नवाचार्य श्री 108 समयसागर महाराज को श्री फल चढ़ाकर छपारा पधारने विनम्र निवेदन की गई जिस पर महाराज श्री ने सभी का निवेदन स्वीकार किया।

इसके साथ ही पूज्य नीरज सागर महाराज ससंघ के परम सानिध्य में श्री मजजजिनेनदर पंच कल्याणक गजरथ महोत्सव की तैयारियां नगर में जोर-शोर से शुरू हो गई है गत गुरुवार को श्री मजजजिनेनदर पंचकल्याणक महोत्सव के लिए भूमि पूजन सप्त ऋषि मंडल विधान नगर में पूज्य मुनिराज नीरज सागर महाराज मुनिश्री निर्मद सागर महाराज के परम आशीर्वाद से गुरूवार को शुभ मुहूर्त में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु नगर के तकिया वॉर्ड स्थित सुभाष ग्राउंड में विधि विधान पूर्वक पंचकल्याणक स्थल पर मंगलाष्टक के साथ भूमि पूजन सानंद सम्पन्न हुआ। साथ ही शुक्रवार 26 दिसम्बर को प्रतिष्ठित होने आई दस जिन प्रतिमाओं के नगर आगमन पर जैन समाज के युवा, बच्चों और महिलाओं ने बैंड बाजों के साथ भक्ति पूर्वक भव्य आगवानी की गई, साथ ही उक्त जिन प्रतिमाओं को मन्दिर में अभी विराजमान किया गया हैं। वहीं कार्यक्रम को भव्य रूप देने के साथ गरिमामय सम्पन्न करने लिए अभी से सामाजिक युवाओं द्वारा



कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई हैं और उसी के हिसाब से आगामी समय में उक्त गजरथ महोत्सव कार्यक्रम को सानंद संपन्न किया जाना है। विशुद्ध सागर जी के सिवनी नगर आगमन की तैयारी जोर शोर से चल रही है।

## एक नजर में



### किसान संघर्ष समिति ने मनाया स्थापना दिवस

सिवनी। किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष , उपाध्यक्ष और साथी रहे उपस्थित किसान नेता हुकुमचंद सनोडिया, अंगद बघेल, गया जंघेला, प्रेम कुमार जंघेला, रामकुमार सनोडिया, महेश पटेल कि उपस्थिति में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर प्रतिमा के पास मनाया गया स्थापना दिवस। कार्यक्रम के बाद सक्षम अधिकारी को कलेक्टर सिवनी के नाम सौंपा ज्ञापन । जिसमें किसानों की कर्जमाफी, मक्का की एम एस पी 2400 रुपए पर खरीदी और कृषि उपज मंडी सिवनी में सुधार की माँग रखी गयी। जय जवान जय किसान, जय मजदूर जय संविधान के नारों से गुंजायमान रहा।

### पट्टाचार्य श्री के नगर आगमन को लेकर तैयारी

सिवनी। 01 जनवरी को चारित्र चक्रबर्ती समाधिस्थ आचार्य श्री शांति सागर जी महामुनिराज की जीवनी चारित्र चक्रबर्ती ग्रंथ के रचनाकार सुप्रसिद्ध विद्वान पण्डित श्री सुमेरूचंद्र जी दिवाकर की जन्म स्थली व गगनचुंबी शिखरो व इतिहासिक रजत जिनेन्द्र अश्व रथ के लिए विश्व विख्यात मध्य प्रदेश की धर्म नगरी श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन अतिशयक्षेत्र सिवनी मे परम पूज्य समाधिस्थ गणाचार्य श्री विराग सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक सुशिष्य परम पूज्य वर्तमान पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महामुनिराज का पट्टाचार्य पद पर आसीन होने के उपरांत प्रथमबार भव्य नगर प्रवेश विशाल आकर्षक शोभायात्रा के साथ होगा समाज केअध्यक्ष श्री पवन दिवाकर ने बताया की पट्टाचार्य मुनि श्री 108 विशुद्ध सागर जी के सिवनी नगर आगमन की तैयारी जोर शोर से चल रही है।

### प्रतापगढ़ में आज से श्रीमद् भागवत कथा



**पंडित उमानंद शास्त्री (श्रीधाम वृन्दावन) के मुखारविंद से अमृतमई कथा होगी प्रवाहित**

सिवनी। ज़िले के छपारा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम प्रतापगढ़ में 28 दिसंबर दिन रविवार से शुरू होकर 4 जनवरी दिन रविवार तक संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन नागेश परिवार द्वारा बिटिया सुमन नागेश की स्मृति में किया जा रहा है, जिसमें कथा व्यास पंडित श्री उमानंद शास्त्री (श्रीधाम वृन्दावन) के मुखारविंद से भव्य अमृतमई कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवाहित की जाएगी। जिस हेतू नागेश परिवार ने सनातन धर्मप्रेमी जनों को उक्त आयोजित कथा में शामिल होकर अपने जीवन को सफल बनाएं जानें आग्रह किया है।

### 5 जनवरी से यहां होगा कथा का आयोजन

प्रतापगढ़ की कथा विराम उपरांत संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण कथा व्यास पंडित श्री उमानंद शास्त्री (श्रीधाम वृन्दावन) के मुखारविंद से पुन: श्री दुर्गा चौंक भीमगढ़ (छपारा) में 5 जनवरी दिन सोमवार से 12 जनवरी दिन सोमवार तक श्रीवास्तव परिवार (हरदुली) द्वारा कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में गीता ज्ञानयज्ञ का आयोजन






**सिवनी नवभारत।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा गीता ज्ञान यज्ञ में ब्रह्माकुमारी योग शक्ति गीता दीदी जी के द्वारा सात दिवसीय गीता प्रवचन में सीढ़ी के माध्यम से आत्मा के उत्थान और पतन की यात्रा को सरल शब्दों में समझाया है । उन्होंने बताया कि सीढ़ी का ज्ञान मानव आत्मा को सतयुग से कलयुग तक की यात्रा तथा कलयुग से सतयुग केपुन: उत्थान को दर्शाता है।

भगवान् को हमे किस तरह से मानना है और धर्म का हमारे जीवन में का उपयोगिता हैं।यह ज्ञान जीवन में सकारात्मक सोच, शांति और आत्म जागृति का मार्ग दिखता है ।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहां कि इस ज्ञान से जीवन के उद्देश्य को समझने में सहायता मिली तथा मानसिक शांति का अनुभव हुआ।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय केंद्र धूमा की वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका ब्रह्माकुमारी समता दीदी ने सभी को ध्यान करने का अभ्यास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी के उज्जवल भविष्य और जीवन में शांति की कामना की ।

# जुबान नाला में जनभागीदारी से बोरी बंधान कर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई




**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नावांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति एवं ग्राम प्रस्फूटन ग्राम पंचायत अलोनी खापा माल के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण के महत्वपूर्ण उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाया गया। जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अलोनी खापा माल के जुबान नाला में बोरी बंधान कार्य को प्रभावी जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह कार्यक्रम 27 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसमें ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे, नावांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार एवं मेंटर राधेश्याम बंदेवार , रामकृष्ण डेहरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों, एमएस डब्ल्यू व बीएस डब्ल्यू के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। सभी ने मिलकर जुबान नाला में बोरी भरकर बांध बनाए। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक अशोक बेंद्रे, नावांकुर संस्था, माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार, मेंटर्स राधेश्याम बंदेवार ,रामकृष्ण डेहरिया ,अलोनी खापा माल ग्राम प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अल्फाज मोहम्मद उपाध्यक्ष किशोरी दास, जैनुल कुरैशी, शेख जब्बार सुखलाल धुर्वे राजेंद्र धुर्वे जितेंद्र परते राज बघेल तरुण बंदेवार शिवचरण जंघेला सहित बीएसडब्ल्यू के छात्र एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# विधायक ने आचार्यश्री को श्रीफल अर्पित कर किया निवेदन

**सिवनी नगर को पावन सानिध्य प्रदान करने किया अनुरोध**

**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय ने आचार्यश्री को श्रीफल अर्पित कर नमोस्तु निवेदन किया दोपहर समय विधायक दिनेश राय मुनमुन ने नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव पहुंचे। जहां पर विराजमान जैन संत आचार्य श्री समयसागर महाराज के दर्शन व पावन श्रीचरणों पर श्रीफल अर्पित कर नमोस्तु निवेदन किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा अंतर्गत



सिवनी नगर मे नवनिर्मित अहिंसा द्वार के लोकार्पण कार्यक्रम मे आचार्य श्री से सानिध्य प्रदान करने का विनम्र अनुरोध किया। आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि छपारा नगर मे आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर आचार्य श्री का आगमन सुनिश्चित है, ऐसे मे यदि सिवनी नगर को भी आपके पावन सानिध्य का सौभाग्य प्राप्त हो तो यह जिले के लिए अत्यंत गौरवशाली और आध्यात्मिक आनंद का विषय होगा। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि पूज्य संतों का सानिध्य उस शीतल छाया की तरह है जो तपती धूप में राहत तथा सकारात्मक ऊर्जा देती है। और जनसेवा के मार्ग पर अधिक निष्ठा से चलने व क्षेत्र की उन्नति के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देगी।

### हत्या का आरोपित पति गिरफ्तार

सिवनी। अरी थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मकुआं में चरित्र संदेह के चलते पत्नी पर कुल्हाड़ी की मुधाई से हमला कर हत्या करने आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी आशीष खोब्रागड़े ने बताया कि आरोपी पति रामभरोस पटले ने अपनी पत्नी सरिता उर्फ सुनीता (27) पर चरित्र संदेह पर कुल्हाड़ी की मुधाई से वार किया था, जिसमें गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराने के उपरांत उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपित पति रामभरोस फरार हो गया था। जहां पुलिस ने उसे जंगल से गिरफ्तार किया है।

### उप निर्वाचन के लिए 29 दिसम्बर को अवकाश

सिवनी। पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के अंतर्गत संबंधित ग्राम पंचायतों जिनमें मतदान होने हैं उनमें 29 दिसम्बर को एक दिवस का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। ग्राम पंचायत लुंगसा, ग्राम पंचायत फुलारा के वार्ड क्रमांक 15 तथा विकासखण्ड कुरई की ग्राम पंचायत पाटन में उप निर्वाचन हेतु मतदान 29 दिसम्बर को संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्रों में निवासरत शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय निगमों के कर्मचारियों अधिकारियों के लिए एक दिन का सामान्य सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

# खेल युवाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं - फग्गनसिंह कुलस्ते

सिवनी नवभारत। सिवनी के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय दर्ज करते हुए 42वीं राज्य स्तरीय सीनियर एवं यूथ पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप तथा 8वीं राज्य स्तरीय सीनियर एवं यूथ महिला बॉक्सिंग स्पर्धा का तीन दिवसीय भव्य आयोजन बड़े मिशन ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रदेशभर से आए अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने दमदार मुकाबले खेले और शानदार प्रदर्शन किया।

**मंत्री सारंग ने किया शुभारंभ, स्टेडियम निर्माण की घोषणा**

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने सिवनी जिला मुख्यालय एवं बरघाट विधानसभा क्षेत्र में नए स्टेडियम निर्माण की घोषणा कर जिले के खिलाड़ियों को बड़ी सौगात दी।

कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी, विधायक दिनेश राय, विधायक कमल मर्सकोले, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री सारंग ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। छिंदवाड़ा बायपास से मिशन ग्राउंड तक निकला भव्य रोड शो शहरभर के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रतियोगिता का समापन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य तथा बरघाट विधायक कमल मर्सकोले की विशेष उपस्थिति में हुआ।



**आयोजन के सूत्रधार बने राजेश त्रिवेदी**

ऐतिहासिक आयोजन के सूत्रधार रहे जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी के अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, जिनके निरंतर प्रयासों और नेतृत्व के कारण यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सिवनी में आयोजित हो सकी। प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि सिवनी को राज्य स्तरीय खेल आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

यूथ महिला वर्ग — प्रमुख पदक विजेता

**45-48 किग्रा भार वर्ग**
प्रथम वैष्णवी डांगी (इंदौर)
द्वितीय शिव परवा (ग्वालियर)
तृतीय तानी (गुना), याशी यादव जबलपुर

**48-51 किग्रा भार वर्ग**
प्रथम निधि (टी.टी. नगर, भोपाल)
द्वितीय प्रतिज्ञा कुशवाहा (सीहोर)
तृतीय संतोषी साहू (भोपाल), खुशी (जबलपुर)

**51-54 किग्रा भार वर्ग**
प्रथम हिमानी (टी.टी. नगर, भोपाल)
द्वितीय प्रतिभा (सतना)

**54-57 किग्रा भार वर्ग**
प्रथम पृथ्वी (टी.टी. नगर, भोपाल)
द्वितीय अवनी चौरसिया (सिवनी)
तृतीय कुमकुम (सतना), सुहानी (गुना)

**57-60 किग्रा भार वर्ग**
प्रथम अनन्य वंशकार (जबलपुर)

**60-65 किग्रा भार वर्ग**
प्रथम मनसा
द्वितीय भावना शर्मा (सिवनी)
तृतीय फेथ (भोपाल), सोनपरी (जबलपुर)

**65-70 किग्रा भार वर्ग**
प्रथम एंजल (टी.टी. नगर, भोपाल)
द्वितीय दिशा जायसवाल (सिवनी)

**खेलप्रेमियों की भारी मौजूदगी**

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान उत्साह, जोश और रोमांच चरम पर रहा।

**42वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन**

मुख्य अतिथि श्री कुलस्ते ने कहा कि खेल युवाओं के चरित्र निर्माण, अनुशासन एवं आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं और ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिलता है। इस अवसर पर जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष श्री राजेश त्रिवेदी ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया तथा पत्रकार बंधुओं का सम्मान भी किया। कार्यक्रम के अंत में संघ के सचिव श सोहन लाल सेन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, टी.टी. नगर भोपाल की टीम ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीती। जबकि ग्वालियर, भोपाल, सीहोर, उज्जैन, धार आदि जिलों की टीमों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**प्रतियोगिता** | आतिफ खान ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 21 गेंद में शानदार 57 रन बनाए, विनय शरणागत ने बनाये 47 रन

# डीएसओपीएल टूर्नामेंट में खेले जा रहे वेटरन वर्ग के मुकाबले



**सिवनी नवभारत।** डीएसओपीएल 2025 वेटरन वर्ग टूर्नामेंट का धमाकेदार तीसरे दिन का मैच नगर के एमजी ग्राउंड डूंडा सिवनी में आज खेला गया जहां पहला महा मुकाबले में MCG 11 और DS 11 के बीच जोरदार टक्कर भरा मुकाबला रहा। एमसीजी 11 ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और बल्लेबाजी के लिए डीएस 11 को आमंत्रित किया, पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 139 विशाल स्कोर खड़ा करते हुए विरोधी टीम को 140 रन का पहाड़ जैसा लक्ष्य दिया, शानदार बल्लेबाजी करते हुए अजय परिहार ने 19 गेंद में 48 रन ओर विनय शरणागत ताबड़तोड़ 47 रन की पारी खेली जवाब में उतरी MCG 11 ने शानदार टक्कर देते हुए लक्ष्य को भेदते हुए मनीष चौरसिया की शानदार बल्लेबाजी पर 24 गेंद में 48 रन वहीं आतिफ खान ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 21 गेंद में शानदार 57 रन बनाए और अपनी टीम को एक ओवर से पहले इस मैच को 7 विकेट से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच मनीष चौरसिया रहे जिन्होंने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की और शानदार गेंदबाजी की और एक विकेट भी लिए।

वही दूसरा मुकाबला मुस्तफा 11 और आईकॉनिक 11 के बीच खेला गया मुस्तफा 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 82 रन बनाएं और आईकॉनिक11 को 83 रन का लक्ष्य दिया वहीं आसिफ खान अरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कम स्कोर पर टीम रोका वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए आईकॉनिक 11 ने महज 6 ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और इस मैच को जीत लिया आईकॉनिक 11 ने मुकाबला को 7 विकेट से जीत लिया शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिए आसिफ खान मैन ऑफ़ द मैच मिला ।

डीएसओपीएल यूट्यूब के माध्यम से सभी को घर में दिखने वाले गौतम डिजिटल यूट्यूब के माध्यम से सभी को लाइव प्रसारण दिखा जा रहा है और उनका सहयोग संगम डीजे के मालिक बाबू खान और उनकी पूरी टीम कर रही है एमसीजी कमेटी डूंडा सिवनी आभार व्यक्त करती है और वहीं देखने पहुंचे गणमान्य नागरिक अब्दुल काबिज खान इरफान पटेल अरुण यादव, नन्दन श्रीवात्री, नफीस खान गन्नू माना ठाकुर अनिल जायसवाल आसिफ पटेल शोएब खान आसिफ लाल संजय ठाकरे भीम भैया कुलदीप अग्रवाल आशीष टिंकू ठाकरे, अयोध्या विश्वकर्मा, वाहिद खान लोगों ने सराहना की डीएसओपीएल क्रिकेट प्रीमियर शहर के पहली बार ऑक्शन के माध्यम से क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दर्शकों और गण नागरिकों की उपस्थिति बता रही।

वही एमजी कमेटी के महत्वपूर्ण सदस्य अरविंद राय आरिफ खान रवि कटरे डॉ नितिन कटरे विक्रांत पांडे नीलू वंशकार देवी सिंह यूके अनूप मिश्रा आतिफ खान महेंद्र जाटा राकेश यादव एडवोकेट सतीश यादव बृजेश मालवीय नीलू वंशकार जय ठाकुर रहीम खान बृजेश मालवीय बल्लू टाइगर वही हमारे सभी एमजी टीम और कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे और इस आयोजन को भरपूर रूप से सफल बनाया जा रहा है ।